भोला भाला तू अंजनी का लाला है

भोला भाला तू अंजनी का लाला है
बजरंग बाला बड़ा तेरा नाम है
कि तेरे हृदय में बसे सियाराम हैं,
मतवाला है संकट टाला भक्तों का रखवाला,
पावन तेरा धाम है
कि तेरे हृदय में बसे सियाराम हैं...

पवनपुत्र सब तुझको हैं कहते सूरज का भक्षण हारा,
शनिदेव को तुमने हराया वज्र इंद्र ने था मारा,
है गदाधारी, है गदाधारी तू बलकारी सारे जग से न्यारा,
है दुख भजन है केसरीनंदन काटे सभी बन्धन,
यही तेरा काम है,
कि तेरे हृदय में बसे सियाराम हैं.......

तुमने सिया और राम मिलाए फूंकी रावण की लंका,
अक्षय और अहिरावन को मारा युद्ध का बजाया डंका,
सुरषा जैसी सुरषा जैसी डायन मारी मार तुम्हारी भारी है निराला,
तू जग का उजाला राम की माला रटे सुबह शाम है,
कि तेरे हृदय में बसे सियाराम हैं...

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/20994/title/bhola-bhala-tu-anjani-ka-lala-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |